पत्रिका

कोलकाता से 5 लाख के नकली नोट के साथ युवक गिरफ्तार

–बिहार से नकली नोट के साथ आया था कोलकाता

–खरीददारी करते वक्त पकड़ा गया

Hindi News / India / West Bengal / Kolkata / Youth Arrested With Fake Notes Of Rs 5 Lakh From Kolkata

Ashutosh Kumar Singh

28 Mar 2019, 03:30 PM IST

Kolkata, Kolkata, West Bengal, India

कोलकाता

कोलकाता पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने मंगलवार रात बउबाजार थाना क्षेत्र के विप्लव अनुकूल चंद्र स्ट्रीट से 5 लाख रुपए के जाली नोटों के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। जब्त नोटों में 2 हजार और 5 सौ रुपए के जाली नोट शामिल हैं। उसका नाम विनोद कुमार यादव (34 साल) है। वह बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के सरैया थाना क्षेत्र के राघव छपरा गांव का रहने वाला है। उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। विनोद की गिरफ्तारी मंगलवार रात को हुई। एसटीएफ के उपायुक्त मुरलीधर शर्मा ने बुधवार की सुबह को इसका खुलासा किया।

उन्होंने बताया कि एसटीएफ की टीम को शहर में जाली नोट तस्करी की पहले से ही भनक लग चुकी थी, जिसके बाद साफेद वर्दी में एसटीएफ की टीम लगातार गश्त लगा रही थी। मंगलवार रात विनोद बउबाजार इलाके में कुछ खरीददारी कर रहा था। उसने दुकानदार को जो नोट दिया, वह नकली थी। नकली नोट पहचानने के बाद दुकानदार ने पुलिस को इसकी खबर दी। सूचना मिलने के तुरंत बाद एसटीएफ की टीम तुंरत मौके पर पहुंची और उसे दबोच ली। उसके बैग की तलाशी लेने पर उसमें से 2000 रुपए के 225 और 500 रुपए के 100 जाली नोट मिले।
शर्मा ने बताया कि विनोद पुलिस हिरासत में हैं। प्राथमिक पूछताछ में पता चला है कि महानगर में उसके कुछ और साथी हैं। उनके नाम व पता मिल गए हैं। उन्हें गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की जा रही है।

Source: https://www.patrika.com/kolkata-news/youth-arrested-with-fake-notes-of-rs-5-lakh-from-kolkata-4343530/